तेरा बहुत घणा एहसान मेरी मां बाला सुन्दरी

तेरा बहोत घणा एहसान मेरी मां बाला सुन्दरी
मुझे दिया चरणों का ध्यान मेरी मां बाला सुन्दरी
तेरा बहोत घणा एहसान मेरी मां बाला सुन्दरी

फिरता था में मारा मारा दुनिया ने ठुकराया था
जिस दिन तेरे दर पे आया तूने भाग्य जगाया था
सारे जग में कर दिया नाम मेरी मां बाला सुन्दरी
तेरा बहोत घणा एहसान मेरी मां बाला सुन्दरी

बाल रूप में तेरे संग में रहती मां महाकाली है
बाल भी बांका काल करे ना तू जिसकी रखवाली है
तेरी सबसे निराली शान मेरी मां बाला सुन्दरी
तेरा बहोत घणा एहसान मेरी मां बाला सुन्दरी

दुनिया के सब बंधन जूठे सच्चा तेरा द्वारा है
सिंगला को मां बाला सुन्दरी तेरा एक सहारा सहारा है
मुझे दिया भक्ति का दान मेरी मां बाला सुन्दरी
तेरा बहोत घणा एहसान मेरी मां बाला सुन्दरी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34214/title/tera-bahut-ghana-ehsan-meri-maa-bala-sundri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |